जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ... ™

JAWAB DO SARKAR

www.jawabdosarkar.com

(A Digital Media Initiative to promote Accountability)

वॉल्यूम न.– 2022/MMP/04 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | बुधवार, 5 जनवरी 2022

खबर का असर!!!

जेडीए ने बिल्डर समेत 7 जनो के विरुद्ध दर्ज करवायी एफ़आईआर!!!

F.I.R.

विशेष रिपोर्ट-6

भूखंड संख्या 14,15,16 कृष्णा गार्डन,अक्षयपात्र के सामने,जगतपुरा पर बन कर तैयार हो चुकी अवैध इमारत "विशाल याशिका हेवंस" का मामला!!!

पता:-S1,झारखंड अपार्टमेंट,सगत सिंह मोड,जनरल सगत सिंह मार्ग,खातीपुरा-302012 मोबाइल:-9828346151

*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी
सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com

कानून से खिलवाड़ कर,जेडीए के ज़ोन-9 मे स्थित भूखंड संख्या 14,15,16, कृष्णा गार्डन,अक्षयपात्र के सामने, जगतपुरा पर बन रही अवैध बिल्डिंग विशाल याशिका हेवंस के मालिको और फ्लेटधारकों समेत कुल 7 जनो के विरुद्ध जेडीए ने दर्ज करवायी एफ़आईआर!!!!

यह मामला जेडीए के ज़ोन 9 मे स्थित भूखंड संख्या 14,15,16, कृष्णा गार्डन,अक्षयपात्र के सामने, जगतपुरा पर बन रही अवैध बिल्डिंग विशाल याशिका हेवंस का है जिस पर बिना जेडीए की स्वीकृति,बिना नक्शे पास करवाए,बिना भूखंडो को पुनर्गठित करवाए,बिना सेटबेक छोड़े,बिना रेरा मे रेजिस्ट्रेशन करवाए 5 मंज़िला इमारत का निर्माण हो चुका है|जेडीए के अनुसार इस बिल्डिंग मे 44 फ्लेटो का निर्माण किया गया है|

इस अवैध बिल्डिंग को लेकर कई घटनाक्रम हुए,बिल्डर द्वारा स्टे के बावजूद निर्माणकार्य जारी रखा और इस बिल्डिंग मे अवैध रूप से फ्लेट बना कर,बेचान भी कर दिया गया और वहाँ पर जबरन बसावट भी कर दी गयी जिसके चलते कई फ्लेटधारकों को कब्जे भी दिलवा दिये गए|बिल्डर की इस नापाक हरकत से हमारे द्वारा लगातार जेडीए के अधिकारियों को चेताया गया,जिसका परिणाम यह हुआ कि जेडीए द्वारा इस बिल्डिंग के मालिको समेत 7 जनो के विरुद्ध दिनांक 14/11/2021 को स्थानीय रामनगरिया ठाणे मे आईपीसी की धारा 353 के तहत राज कार्य मे बाधा और आईपीसी की धारा 120-B के तहत आपराधिक षड़यंत्र करने का मामला दर्ज करवाया है|जेडीए द्वारा विशाल शर्मा,रोहित शर्मा,मनोज शर्मा,ओमप्रकाश,किरण,रेणु और रजनी कपायी के विरुद्ध यह मामले दर्ज करवाए है|